जांच शुरू

हत्या या हादसा, जांच में जुटी पुलिस

# दूधी नदी में मिला युवक का शव

**नवभारत,नरसिंहपुर,गाडरवारा।** अनुभाग के सालीचौका पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लवासर के पास बहने वाली दूधी नदी में आज एक युवक का शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। नदी में कम पानी होने के बावजूद शव मिलने से मृतक की मौत के कारणों को लेकर कई सवाल खड़े हो गए हैं। सूचना मिलते ही सालीचौका पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और जांच शुरू कर दी है।



## मौत पर गहराया संदेह

प्राप्त जानकारी के अनुसार, रविवार को ग्राम लवासर से गुजरने वाली दूधी नदी के किनारे ग्रामीणों ने एक युवक का शव पड़ा देखा। नदी में पानी की मात्रा कम थी, जिसके बावजूद शव मिलने की खबर आग की तरह फैल गई और मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण जमा हो गए। तत्काल ग्रामीणों ने इसकी सूचना सालीचौका पुलिस चौकी को दी। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और पंचनामा की कार्यवाही शुरू की।

## पुलिस जांच में जुटी

स्थानीय लोगों के अनुसार, दूधी नदी में इन दिनों पानी की सतह काफी कम है। ऐसे में युवक की मौत नदी में डूबने से हुई है या इसके पीछे कोई अन्य कारण है, इस पर गहरा संदेह व्यक्त किया जा रहा है। कम पानी में मौत नदी में पानी कम होने के कारण यह आशंका है कि युवक को कहीं और मारकर यहां फेंका गया हो, या फिर उसकी मौत डूबने के अलावा किसी अन्य वजह से हुई हो। जांच का विषय पुलिस अब यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि यह हत्या, आत्महत्या या महज एक दुर्घटना का मामला है। सालीचौका पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, जिससे मौत की सही वजह और समय का पता चल सके। पुलिस ने फिलहाल मर्ग (मृत्यु का मामला) कायम कर लिया है। पुलिस द्वारा मृतक की शिनाख्त बिनोद नौरिया ग्राम बासुरिया की गई है।

## मुकेश बिलबार पुन: कुर्मी समाज के ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त

**नवभारत,गोटेगाँव।** विगत दिवस लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 159वीं, जयंती के अवसर पर कुर्मी क्षत्रिय सभा गोटेगाँव ब्लॉक की एक अहम् बैठक सरदार बल्लभ भाई पटेल स्टेडियम बगासपुर में आयोजित कि गई, बैठक में गोटेगाँव ब्लॉक के बिभिन्न ग्रामों के सेकड़ों सामाजिक बंधु उपस्थित रहे। इस बैठक में कुर्मी समाज के ब्लॉक अध्यक्ष का भी चयन किया गया, कुर्मी समाज के अध्यक्ष पद पर पुन: श्रीधाम हॉस्पिटल के चेयरमैन मुकेश पटैल बिलवार को सर्व सम्मति से समाज का अध्यक्ष चुना गया, समाजिक कार्यों में अपनी अग्रणी भूमिका निभाने वाले मुकेश पटैल सामाजिक कार्यों में हमेशा बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते हैं, उनकी इसी कार्यकुशलता और समाज में अपनी सहभागिता के कारण समाज में अपनी अमिट क्षवि और क्षमता को साबित किया, और समाज ने उन्हें अपना अध्यक्ष नियुक्त किया, एक बार पुन: अध्यक्ष बने मुकेश पटैल कुर्मी समाज ही नहीं सभी वर्ग के लोगों के चहेते माने जाते हैं। श्री बिलवार ने कहा समाज के वरिष्ठजनों ने जो भरोसा पुन: मुझे पर जताया हैं म उस पर ईमानदारी निष्ठा पूर्वक पुन: कार्य करूंगा साथ ही कहा कि संगठन ही समाज का आधार है और समाज का विकास संगठन से ही संभव है।

# लाइफ लाइन हॉस्पिटल पर मनमानी का आरोप

**नवभारत,गाडरवारा।** नगर की चर्चित निजी चिकित्सा संस्था लाइफ लाइन हॉस्पिटल एक बार फिर चर्चा में है। स्थानीय नागरिकों और मरीजों के परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर मनमानी, अनियमित शुल्क वसूली और इलाज में लापरवाही के गंभीर आरोप लगाए हैं। मरीजों का कहना है कि अस्पताल प्रशासन द्वारा इलाज के नाम पर मनमाना शुल्क वसूला जा रहा है, वहीं बिलिंग की कोई स्पष्ट प्रणाली नहीं अपनाई जाती। कई परिजनों ने आरोप लगाया कि बिना जरूरी जांच और टेस्ट करवाए दवाइयों व इलाज का भारी खर्च थोप दिया जाता है। सूत्रों के अनुसार, अस्पताल में अक्सर डॉक्टरों की अनुपस्थिति रहती है और कई बार कंपाउंडर या नर्सिंग स्टाफ द्वारा मरीजों को दवाइयाँ दी जाती हैं, जो गंभीर लापरवाही की श्रेणी में आता है। इसके अलावा, आपात स्थिति में आने वाले मरीजों को समय पर उपचार नहीं मिलने की शिकायतें भी लगातार सामने आ रही हैं। नगर के कई नागरिकों ने बताया कि अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही और असंवेदनशील रवैये के कारण कई मरीजों की स्थिति बिगड़ चुकी है, लेकिन इसके बावजूद प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। स्थानीय लोगों ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) और जिला प्रशासन से तत्काल जांच की मांग की है, ताकि अस्पताल में हो रही अव्यवस्थाओं और मनमानी पर रोक लगाई जा सके। लोगों का कहना है कि स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी संस्थाओं को लाभ कमाने का माध्यम नहीं, बल्कि सेवा का केंद्र होना चाहिए, लेकिन लाइफ लाइन हॉस्पिटल में लगातार सामने आ रही शिकायतें चिकित्सा जगत की साख को धूमिल कर रही हैं। फिलहाल प्रशासन की ओर से मामले पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी गई है।



# गोटेगांव से लाठगांव तक सीसी रोड का निर्माण नहीं

**नवभारत,गोटेगांव।** सिवनी जिले के धूमा से गोटेगांव की सीमा तक सीसी रोड का निर्माण हो चुका है। सिर्फ गोटेगांव सीमा से कुंडा गांव से लाठगांव होते हुए गोटेगांव तक सीसी रोड का निर्माण नहीं हुआ है। जबकि इस सड़क पर काली गिट्टी के क्रेशर सबसे अधिक हैं।

वहीं धूमा मार्ग पर सिवनी जिले की सीमा में मौजूद गिट्टी के क्रेशर से भारी वाहन गिट्टी लेकर आते रहते है। जिसके कारण डामर सड़क अल्प समय में ही खराब हो जाती है। इस मार्ग पर चलने वाले वाहनों को दृष्टि में रख कर गोटेगांव सीमा में छूटे हुए हिस्से में लोक निर्माण विभाग डामर सड़क की जगह पर सीसी रोड का निर्माण कराए, ताकि इस मार्ग पर पड़ने वाले गांव के लोगों को होने वाली दिक्कतों से निजात मिल सके और गोटेगांव लाठगांव होकर सिवनी जिले की ओर जाने वाले वाहन वालों के कारण जो सड़क पर धूल का गुबार उठता है उससे राहगीरों को छुटकारा मिल सके।



## 1.5 करोड़ से बनने वाली मॉडल रोड का भूमिपूजन

**नवभारत,नरसिंहपुर।** प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास और श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने शनिवार को गांधी चौराहा के समीप पं. दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रकाश मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होंने इस अवसर पर भाजपा कार्यालय नरसिंहपुर से स्टेडियम ग्राउंड तक 1.5 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली मॉडल रोड का भूमिपूजन किया। भूमिपूजन के दौरान जालम सिंह पटेल, अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी- कर्मचारी मौजूद थे।




## सिन्धी समाज ने सौंपा सीएम के नाम ज्ञापन

**नवभारत,करेली।** छत्तीसग के एक राजनीतिक दल के अध्यक्ष द्वारा अग्रवाल समाज के आराध्य देव अग्रसेन महाराज एवं सिन्धी समाज के पूज्यनीय देव झूलेलाल जी के विषय में की गई अभद्र, अमर्यादित टिप्पणी के खिलाफ दोनो समाजों द्वारा भगतसिंह चौराहा से एक सामूहिक रैली निरंजन चौक मुख्य मार्ग से निकाली जो कि प्रेस चौराहे पर अमित बघेल के पुतला दहन उपरांत करेली पुलिस थाने में थाना प्रभारी द्वारा म.प्र. के मुख्यमंत्री के नाम बघेल के बिरुद्ध कठोर कार्यवाही करने विषयक ज्ञापन देकर समाप्त हुई।जिसकी प्रतिलिपि मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री छत्तीसग तथा कलेक्टर नरसिंहपुर को भेजी गई।

# पुलिया के पास हुआ 10 फीट गहरा गड्ढा

**नवभारत,गोटेगांव।** तहसील क्षेत्र के अंतर्गत जबलपुर नरसिंहपुर मुख्यमार्ग पर कजई ग्राम के आगे होटल वृंदावन ढाबा के समीप मुख्य सड़क पर रोड निर्माण के साथ पुलिया का निर्माण भी किया गया था। परंतु बारिश के पानी से उक्त पुलिया के दोनों साइड मिट्टी का कटाव होने से मौजूदा समय में पुलिया के दोनों साइड तकरीबन 10 फुट गहरा गड्ढा निर्मित हो चुका है। इस और जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा ध्यान न देने से लगातार मिट्टी का कटाव होता रहा जिसके परिणाम अब इस गड्ढे ने भयानक रूप धारण कर लिया है। जिसके कारण मुख्य सड़क पर चलने वाले वाहन क्रॉसिंग करते समय किसी भी बड़ी दुर्घटना का शिकार आसानी से हो सकते हैं। इस स्थान पर अगर किसी वाहन का पहिया सड़क से नीचे उतरा तो जनहानि होना निश्चित है। क्योंकि जबलपुर आने जाने के लिए यह मुख्य सड़क मार्ग है और यह इस मार्ग पर अत्यधिक वाहनों का आवागमन बना रहता है। ताज्जुब की बात यह है कि इसी सड़क से उच्च अधिकारीयों का आना-जाना लगा रहता है।जिम्मेदार विभागीय अधिकारी इस और ध्यान दें एवं पुलिया को दुरुस्त करने का कार्य करें।



## गन्ने के खेत में लगी आग, दो एकड़ की फसल और कृषि उपकरण जलकर खाक

**नवभारत, तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस समीपी ग्राम भामा में कृषक श्री अशोक त्रिपाठी के खेत में अज्ञात कारणों के चलते गन्ने के खेत में अचानक आग लग जाने से लगभग दो एकड़ की फसल जलकर नष्ट हो गई है। तथा कृषि कार्य में उपयोग आने वाले पाइप नोजल स्टार्टर विद्युत केबिल लाइन जलकर राख हो गई है।कोली पर खेती देख रहे त्रिलोक सिंह ने तत्काल पड़ोसी किसानों को आबाज लगाई स्थानीय संसाधनों के माध्यम से आग बुझाते बुझाते दो एकड़ की फसल जल चुकी थी।जिसकी जानकारी राजस्व विभाग के अधिकारियों और पटवारियों एवं पुलिस थाने में सूचना दर्ज कराई है।



### एक नजर में



**शंकराचार्य से भेंट कर आशीर्वाद लेकर परशुराम सेना संगठन विस्तार एवं गौ सेवा पर चर्चा**

**नवभारत,गाडरवारा।** विगत दिवस पावन काशी नगरी के श्री विद्या मठ में परम पूज्य ज्योतिष पीठाधीश्वर जगदगुरू शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी से समाजसेवी एवं परशुराम सेना के जिला अधयक्ष मुकेश बसेडिया ने सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने पादुका पूजन अर्चन कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने परशुराम सेना मप्र जिला नरसिंहपुर में संगठन विस्तार के साथ साथ गौ माता की सुरक्षा एवं संवर्धन हेतु मार्गदर्शन लिया। इस अवसर पर शंकराचार्य जी ने पीत वस्त्र,फल भेंटकर अपना आशीर्वाद प्रदान किया एवं संगठन विस्तार की आज्ञा प्रदान की एवं कहा कि समाज में सनातन धर्म का प्रचार प्रसार करते रहें एवं समाजसेवा के माध्यम से दीन दु:खियो की सेवा का पुनीत कार्य करते रहें।



**वंदे मातरम् आश्रम रहमा में कलश यात्रा के साथ आरंभ हुआ पंचकुण्डीय रूद्र महायज्ञ**

**नवभारत,सालीचौका।** धार्मिक आस्था और श्रद्धा से ओतप्रोत वातावरण में आज से वंदे मातरम आश्रम, रेशम केंद्र रहमा के पास बेरखेड़ी हार (बसूरिया) में भव्य पंचकुण्डीय रूद्र महायज्ञ एवं रूद्री निर्माण सहित श्री शिव महापुराण साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ। सुबह मंगल वाद्य की धुन और हर-हर महादेव के जयघोष के बीच सैकड़ों महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर शोभायात्रा निकाली, जो ग्राम के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुन: आश्रम परिसर पहुँची। इस भव्य कलश यात्रा के साथ क्षेत्र में धार्मिक उत्साह और आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार देखा गया। कार्यक्रम के प्रथम दिवस पर यज्ञ वेदी स्थापना एवं विधिवत पूजा-अर्चना के बाद कथा व्यास आचार्य श्री गोपीठाधीश्वर मंहत 108 विपिन बिहारी जी महाराज ने शिव महापुराण कथा का शुभारंभ किया। उन्होंने अपने प्रवचन में शिव महिमा, भक्ति और जीवन में सदाचार के महत्व पर प्रकाश डाला। इस महायज्ञ के यज्ञाचार्य पं. रामदर्शन दीक्षित (संस्कृत पाठशाला साईंखेड़ा) हैं, जो यज्ञ की सभी वैदिक विधियाँ संपन्न करा रहे हैं। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि यह आयोजन 16 नवम्बर तक प्रतिदिन प्रात: से संध्या तक चलेगा, जिसमें भजन, संकीर्तन, कथा व प्रवचन के माध्यम से शिव महिमा का वर्णन किया जाएगा।

## रेडक्रास सोसायटी में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में शामिल

**नवभारत,नरसिंहपुर।** प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल शनिवार को इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी कार्यालय नरसिंहपुर में नव निर्वाचित कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। उन्होंने बताया कि रेडक्रास सोसायटी अंर्तराष्ट्रीय संस्था है, जो जनकल्याण का कार्य कर रही है। रेडक्रास सोसायटी के लिए वित्तीय प्रबंधन में कभी भी कमी नहीं होने दी जाएगी, यह हमारा संकल्प है। रेडक्रास सोसायटी हमारी स्वस्थ प्रणाली को नई दिशा, दृष्टि और प्रेरणा भी प्रदान करती है। रेडक्रास को वित्तीय स्वावलंबन देना, उसकी आत्मनिर्भरता और सक्षमता तीनों जरूरी हैं, इसके लिए रोडमैप स्पष्ट होना चाहिए। मंत्री पटेल ने कहा कि टी.बी. एक गंभीर बीमारी है, टी.बी. से पीड़ित मरीजों का समय पर उपचार करें और उन्हें पोषण आहार भी दें। उन्होंने सिकलसेल बीमारी से पीड़ित मरीजों के उपचार के बारे में भी बताया।



# ट्रेक्टर रैली को लेकर बैठक

**नवभारत, साईखेड़ा।** आनंद भवन तहसील के सामने किसान संघ की बैठक रखी गई जिसमें भगवान बलराम का पूजन कर बैठक प्रारंभ की गई प्रांत मंत्री स्वदेश कोठारी ने जिला नरसिंहपुर में होने वाली ट्रैक्टर रैली किसान शंखनाद के बारे में जानकारी दी 17 तारीख को किसानों की अतिवृष्टि से खराब हुई सोयाबीन धान मक्का फसलों का सर्वे कराया जाए मुआवजा दिया जाए। जले हुए ट्रांसफार्मर जल्द बदले जाएं। खाद के लिए लाइन में किसानों को लगना पड रहा है सुलभता से खाद उपलब्ध कराया जाए तहसील साईखेडा की समस्यायों को ज्ञापन में शामिल हेतु कहा गया जिसमें खाईखेड़ा से ट्रांसफार्मर उपलब्ध हो कृषि उपज उप मंडी साईखेडा चालू हो पर्याप्त बिजली प्रदान की जाएं यह बात सुरेंद्र सिंह राजपूत तहसील अध्यक्ष ने बताया साई खेड़ा तहसील से ट्रेक्टर रैली में शामिल होंगे। बैठक में उपस्थित संभागीय अध्यक्ष अनिरूद्ध पटेल संभागीय सदस्य तेजसिंह तोमर पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश खेमरिया जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा साहब सिंह लोधी तहसील मंत्री विश्वनाथ शर्मा रोहित अवस्थी अनुराग चौकसे भोपाल पटेल उपस्थित रहे।

# सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती पर पदयात्रा

**नवभारत,नरसिंहपुर करेली ।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर जिले में कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत रविवार को सरदार @150 यूनिटी मार्च पदयात्रा का आयोजन किया गया। यह पदयात्रा खैरी ग्राम से प्रारंभ होकर कोदसा ग्राम तक लगभग 11 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए सम्पन्न हुई। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने सहभागिता कर आदर्शों की इस यात्रा को सार्थक बताया यात्रा के शुभारंभ पर सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया, तत्पश्चात राष्ट्रगीत वंदेमातरम के साथ पदयात्रा आरंभ हुई। इस दौरान उपस्थित जनसमूह ने भारत माता एवं राष्ट्रीय एकता के जयकारे लगाकर उत्साहपूर्ण वातावरण निर्मित किया कैबिनेट मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने पदयात्रा के दौरान ग्रामीणों से संवाद करते हुए कहा कि सरदार पटेल ने देश की 562 रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर भारत को अटूट एकता का स्वरूप प्रदान किया। उनके अथक प्रयासों को सदैव याद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सामाजिक समरसता की भावना को जन-जन तक पहुँचाना हम सभी का दायित्व है और यह पदयात्रा उसी उद्देश्य की पूर्ति का माध्यम है यात्रा में नर्मदापुरम सांसद दर्शन सिंह चौधरी गोटेगांव विधायक महेंद्र नागेश, जिला भाजपा अध्यक्ष रामस्नेही पाठक, पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल सहित अनेक जनप्रतिनिधि, समाजसेवी तथा विशिष्ट नागरिक सम्मिलित हुए। सभी ने सरदार पटेल के जीवन से प्रेरणा लेते हुए उनके सिद्धांतों को अपनाने का संकल्प लिया मार्च के दौरान युवाओं, महिलाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों का उत्साह देखने मिला कई स्थानों पर स्थानीय नागरिकों और सामाजिक संगठनों द्वारा प्रतिभागियों का स्वागत कर पेयजल एवं अल्पाहार की व्यवस्था की गई।



# 5वर्षों से भी अधिक समय से हो रही श्री संकट मोचन महाआरती

**नवभारत, गोटेगांव** स्थानीय जबलपुर रोड बकतला स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर मे बजरंग सेना नर्मदाखंड महाआरती समिति के तत्वाधान में रामभक्त हनुमान जी की महाआरती पं दीपक तिवारी के आचार्यत्व में पूर्ण वैदिक मंत्रोच्चारण व विधि विधान के साथ प्रभु दयाल उपाध्याय द्वारा पूजन अर्चन किया गया अंजनीसुत को लड्डूओ का भोग अर्पित कर भक्तों में प्रसाद वितरण किया गया इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालु जनों द्वारा सामूहिक रूप से श्री राम स्तुति, श्री हनुमान चालीसा,श्री हनुमान जी की महाआरती का गायन किया गया गौरतलब है कि श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर महाआरती समिति द्वारा प्रत्येक शनिवार को संकट मोचन जी की संगीतमय महाआरती विगत 5वर्षों से भी अधिक समय से एवं 308वें सप्ताह से निरंतर जारी हे साप्ताहिक संगीतमय महाआरती के पश्चात समिति की भजन मंडली के सदस्यों द्वारा सामूहिक रूप से भजनों की अनुपम प्रस्तुति की गई जिसमें पप्पू सोनी, सालक राम साहू धर्मेंद्र चौबे, सुशील दुबे कमल स्वामी विद्याचरण पाराशर तारा कहार पंकज नोरिया विजेंद्र ठाकुर एवं सहयोगियों के द्वारा महाआरती संपन्न हुई! इस अवसर पर इनकी रही उपस्थिति नर्मदा प्रसाद गुप्ता रघुनाथ राय दीपक सराठे मयंक शर्मा मनोज नामदेव दीपक सोनी नीरज नेमा मुकेश ठाकुर बसंत दुबे कैलाश गुप्ता मनीष साहू निहाल अग्रवाल मुकेश चढार विनोद साहू शिवकुमार विश्वकर्मा शरद चौकसे नारायण सोनी सौरभ सोनी कमलेश पटेल सुरेश पटेल नरेश दुबे तनिश साहू ब्रजेश श्रीवास्तव बटुक सेवक अक्षत सराठे अनुज ठाकुर अभिनंदन अग्रवाल कान्हा चौकसे मातृशक्ति से स्नेहलता श्रीवास्तव मंजुला गुप्ता गीता पचौरी निशा पचौरी संगीता चौबे भारती पटेल नम्रता सोनी प्रीति पचौरी रानू विश्वकर्मा प्रीति साहू लीलावती पटेल एवं नन्हे मुन्ने बच्चों की उपस्थित रही।



### बेटी का सम्मान

स्व. सरदार तेज सिंह छाबड़ा संतोष रानी छाबड़ा की पौत्री सरदार जसवीर सिंह छाबड़ा (नीटु सेठ) की पुत्री दिलप्रीत कौर छाबड़ा (खुशी) फर्स्ट अटेंप्ट में बनी सी.ए.(सीए) जब वह अपने गृह निवास करेली लोटी तो गुरु नानक जयंती पर सिख समाज द्वारा दिलप्रीत कौर का सभी संगत के सामने स्वागत और सम्मान किया गया कमेटी द्वारा अपने सपनों को साकार किया और पूरे क्षेत्र और समाज का नाम रोशन किया है।दिलप्रीत छाबड़ा उनकी यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार के लिए, बल्कि समस्त समाज के लिए भी प्रेरणा का स्रोत है। सफलता ने यह सिद्ध कर दिया है कि आज की बेटियां केवल घर की जिम्मेदारी ही नहीं निभाती, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था और वित्तीय प्रबंधन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

## नगर पालिका कर्मचारी पर अभद्र व्यवहार का आरोप

**नवभारत। गाडरवारा।** नगर पालिका गाडरवारा के एक दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी पर नागरिक के साथ अभद्रता करने का आरोप लगाया गया है। इस संबंध में स्थानीय निवासी विजय कुमार सोनी, निवासी पटेल वार्ड, ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत पत्र में बताया गया है कि दिनांक 07 नवम्बर 2025 को विजय कुमार सोनी नगर पालिका कार्यालय में अपने जल कर (पानी टैक्स) संबंधी जानकारी लेने पहुँचे थे। उसी दौरान वहाँ कार्यरत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी संजय व्यास ने उनके साथ कथित रूप से असभ्य एवं अपमानजनक व्यवहार किया। शिकायतकर्ता के अनुसार, कर्मचारी ने उनसे अपशब्द कहते हुए धमकी दी कि पानी टैक्स जमा नहीं किया तो सब बंद कर दूँगा, नेतागिरी मत दिखा। विजय सोनी ने आवेदन में कहा है कि नगर पालिका के कर्मचारी का यह रवैया अत्यंत अशोभनीय है तथा यह आम नागरिकों के साथ व्यवहार की गरिमा के विपरीत है। उन्होंने मांग की है कि संजय व्यास के विरुद्ध उचित जांच कर कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए। आवेदन की सत्य प्रतिलिपि कलेक्टर नरसिंहपुर, गाडरवारा विधायक, अनुविभागीय अधिकारी गाडरवारा तथा नगर पालिका अध्यक्ष को भी भेजी गई है। फिलहाल नगर पालिका प्रशासन द्वारा मामले की जांच की पुष्टि नहीं की गई है। यदि शिकायत सही पाई जाती है, तो संबंधित कर्मचारी पर कार्रवाई।

